# छोटा गणपति मेट्रो स्टेशन की बाधा खत्म, वहीं बनेगा

▸ गोपनीय बैठक में स्टेशन छोटा करने पर सहमति

**इंदौर.** शहर के मध्य मल्हारगंज थाने के पास मेट्रो स्टेशन निर्माण का बाधा खत्म हो गई है. सभी 42 मकान बिना तोड़े स्टेशन बनाया जाएगा. इसका कारण यह है कि मेट्रो ने स्टेशन की लंबाई कम कर दी है और साथ ही गहराई भी दो की जगह तीन मंजिल करने की सहमति दी है.

गत सोमवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन और मेट्रो अधिकारियों की गोपनीय बैठक हुई थी. उक्त बैठक में छोटा गणपति मेट्रो स्टेशन को लेकर चर्चा हुई. चर्चा में मेट्रो अधिकारियों ने सत्तन और विजयवर्गीय को बताया कि 42 मकान तोड़े बगैर मेट्रो का स्टेशन बनाया जाएगा. मेट्रो की अंडर ग्राउंड स्टेशन की गहराई 38 मीटर कर दी है, जो पहले 20 मीटर थी. मेट्रो अधिकारियों ने दोनों नेताओं को विश्वास के साथ बताया कि नेटम पद्धति से निर्माण होगा, जिसमें किसी तरह से किसी भी मकान और बिल्डिंग को नुकसान नहीं होगा. निर्माण के दौरान सेंसर लगाएं जाएंगे, जिससे मकान में नुकसान के पहले जानकारी लग जाएगी और मकान के सुरक्षा के साथ काम किया जाएगा. मेट्रो अधिकारियों की बात से सहमत होकर दोनों नेताओं ने सहमति दे दी और क्षेत्रीय रहवासियों को भरोसा दिया कि उनका नुकसान नहीं होगा और स्टेशन भी छोटा कर दिया है.



### ▶ जनता को मिलेगी बड़ी सुविधा

ध्यान रहे कि मल्हारगंज मेट्रो स्टेशन बनने के बाद जनता को बहुत बड़ी सुविधा उपलब्ध हो जाएगी . अभी राजबाड़ा से लेकर बड़ा गणपति के बीच कोई स्टेशन नहीं होने से सीतलामाता बाजार, क्लॉथ मार्केट, मालगंज, मल्हारगंज व्यापारिक क्षेत्र, जिंसी, अहिल्या पलटन पुलिस लाइन, खजूरी बाजार, बड़वाली चौकी इलाका कवर हो जाएगा . यह संपूर्ण इलाका ही व्यापारिक क्षेत्र है, जिसमें भारी संख्या में जनता का आना जाना होता है .



# सड़क दुर्घटनाओं के ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर सुरक्षा उपाय तेज करें : कलेक्टर

▸ संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में निर्देश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर की सड़कों पर दुर्घटनाओं के ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा के उपाय तेज से करें. चिन्हित स्थानों पर अस्थाई और स्थाई दोनों तरह की सुरक्षा व्यवस्थाएं तुरंत की जाए. उक्त बात कलेक्टर ने आज सड़क निर्माण और यातायात से संबंधित विभागों के बैठक में कही.

आज कलेक्टर कार्यालय में ब्लैक स्पॉट पर सभी जरूरी कार्य और सुरक्षित बनाए जाने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर शिवम वर्मा ने करते हुए बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है. कलेक्टर वर्मा ने निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर तत्काल सुरक्षा उपाय किए जाएं. समीक्षा में यह बात भी सामने आई है कि जिले में कुछ नए ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हुए हैं. बैठक में अधिकारियों ने बताया गया कि ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटना रोकने के लिए तत्काल अस्थाई व्यवस्थाएं की जा रही हैं. ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट, चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग, डिवाइडर निर्माण तथा अंधे मोड़ों पर संकेतक लगाए जा रहे हैं. बैठक में एडीएम रोशन राय, निगम अपर आयुक्त आकाश सिंह, एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### निगरानी लगातार जारी रहना चाहिए

कलेक्टर वर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को लेकर निर्देश दिए कि सभी जगहों पर अस्थाई सुरक्षा उपाय तत्काल करें . कलेक्टर ने कहा कि जैसे ही किसी स्थान पर ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिलती है, वहां तत्काल टीम भेजकर पहले सुरक्षा उपाय किए जाएं . उसके बाद स्थायी समाधान कार्य शुरू किया जाए . इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स की पहचान, सुधार और निगरानी लगातार जारी रहनी चाहिए .

## एक नजर में

### लीनेस क्लब ऑफ इंदौर सुप्रभात ने शपथ ली



**इंदौर .** लीनेस क्लब ऑफ इंदौर सुप्रभात की शपथ विधि एक रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुई . कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही उषा परमार ने बताया कि नव सत्र की अध्यक्ष मधु कोठारी, सचिव अनिता गौड़, कोषाध्यक्ष स्मिता जाजू ,फेलो शिप ऑफीसर प्रीति जैन, क्लब कोकॉर्डिनेटर मधु जैन, पीआरओ भावना माहेश्वरी व पूर्व अध्यक्ष पुष्पा काला, स्मृति जैन, नीता माहेश्वरी, क्लब सदस्य व नए सदस्यों को शपथ विधि अधिकारी के रूप में पधारी वाइस मल्टीपल प्रेसिडेंट रचना गुप्ता ने शपथ दिलवाई . इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीना काले, विशेष अतिथि सुषमा मालू उपस्थित थी . कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा भारतीय प्रांतीय वेशभूषा में रैंप वॉक किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर सीमा प्रजापति, द्वितीय स्थान पर रेखा वर्मा, तृतीय स्थान पर सपना साहू ,व रिंकू लड्ढा प्रोत्साहन सोनू चौहान को प्राप्त हुआ . आभार अनिता गौड़ ने माना . संचालन प्रीति जैन ने किया

### ओल्ड ब्रिज फ्लेक्सी कैप फंड लॉन्च किया

**इंदौर .** ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने ओल्ड ब्रिज फ्लेक्सी कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की . यह एक ओपन-एंडेड डायनामिक इक्विटी स्कीम है, जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश करती है और निवेशकों को एक ही विविध पोर्टफोलियो के माध्यम से बाजार चक्रों में लचीलापन प्रदान करती है . ओल्ड ब्रिज फ्लेक्सी कैप फंड का न्यू फंड ऑफर 13 फरवरी को खुलेगा और 23 फरवरी को बंद होगा . यह स्कीम 10 रुपए प्रति यूनिट के शुरुआती मूल्य पर उपलब्ध होगी . लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, केनेथ एंड्रेडे, सीआईओ, ओल्ड ब्रिज एसेट मैनेजमेंट ने कहा बाजार चक्र लगातार बदलते रहते हैं और अतीत के विजेता आवश्यक नहीं कि भविष्य में भी विजेता बने रहें . फ्लेक्सी-कैप दृष्टिकोण हमें लार्ज-कैप की स्थिरता, मिड-कैप की अल्फा क्षमता और स्मॉल-कैप के अवसरों को एक साथ जोड़ने की अनुमति देता है, साथ ही वैल्यूएशन, बैलेंस शीट की मजबूती और पूंजी संरक्षण पर अनुशासन बनाए रखता है . हमारा उद्देश्य टिकाऊ व्यवसायों में निवेश करना और समय के साथ कंपाउंडिंग को विकसित होने देना है .

### जूम ने डीईएफ के अपने सहयोग को किया और मजबूत

**इंदौर .** जूम कम्युनिकेशंस, इंक . ने डिजिटल एम्पावरमेंट फ़ाउंडेशन ( डीईएफ ) के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने की घोषणा की है . इस कदम के ज़रिए जूम ने भारत में डिजिटल समावेशन, आर्थिक अवसरों और लोगों के बीच बेहतर जुड़ाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है . यह पहल कर्नाटक के दूरदराज़ और वंचित ज़िलों में लोगों को डिजिटल कौशल और जरूरी डिजिटल टूल्स तक बेहतर पहुँच दिलाने में मदद करेगी . तेलंगाना और मध्य प्रदेश में पहले की गई साझेदारियों को आगे बढ़ाते हुए, यह नई साझेदारी कर्नाटक में 55 डिजिटल एक्सेस सेंटर्स की स्थापना में सहयोग देगी . इन केंद्रों को समुदाय द्वारा संचालित केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ डिजिटल कनेक्टिविटी, कौशल प्रशिक्षण और समावेशी आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा . जूम की मुख्य परिचालन अधिकारी अपर्णा बावा ने कहा डीईएफ के साथ अपनी निरंतर साझेदारी के माध्यम से हम भारत भर के समुदायों को आवश्यक कौशल, आत्मविश्वास और सहयोग प्रदान करने में मदद कर रहे हैं, ताकि वे जहाँ भी हों, डिजिटल अर्थव्यवस्था में सार्थक रूप से भाग ले सकें और आगे बढ़ सकें .

### व्यापार समझौतों से टेक्सटाइल व फूड प्रोसेसिंग में नए अवसर

**इंदौर .** ब्रिकवर्क रेटिंग्स की 'मेड फॉर भारत ङ्क कस्टमर इम्पैक्ट सीरीज़' के इंदौर संस्करण में विशेषज्ञों ने देश के व्यापक आर्थिक परिदृश्य पर चर्चा की . इस दौरान बताया गया कि यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हाल ही में घोषित व्यापार समझौतों से भारत के लिए नए निर्यात अवसर खुल रहे हैं और इससे देश के प्रमुख क्षेत्रों की आगे की दिशा तय हो रही है . देश की आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुए ब्रिकवर्क रेटिंग्स के सीईओ मनु सहगल ने कहा भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है . वित्त वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि लगभग 7 .4% रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2027 में यह 6 .8 से 7 .2% के उच्च स्तर पर बने रहने की संभावना है . इसकी मुख्य वजह मजबूत घरेलू मांग, नरम मौद्रिक नीति और यूरोपीय संघ तथा अमेरिका के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौते हैं . भारत में महंगाई में तेज गिरावट आई है . उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर भारतीय रिज़र्व बैंक के मध्यम अवधि के लक्ष्य से काफी नीचे बनी हुई है . खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी और आपूर्ति से जुड़े कदमों ने इसमें मदद की है । महंगाई के इस अनुकूल माहौल ने रिज़र्व बैंक को नरम मौद्रिक रुख अपनाने का अवसर दिया है .

### अमेजन प्राइम ने बचत के साथ सबसे तेज डिलीवरी दी

**इंदौर .** अमेजन ने आज घोषणा की कि 2025 प्राइम सदस्यों के लिए अब तक का सबसे तेज़ डिलीवरी वाला साल रहा . इस दौरान 55 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स की डिलीवरी उसी दिन या अगले दिन की गई, जो साल-दर-साल आधार पर 40% की बढ़ोतरी है . भारत में प्राइम सदस्यों ने 2025 में औसतन अपनी सालाना प्राइम मेंबरशिप की कीमत से दो गुना से अधिक की बचत की, जिससे यह साफ होता है कि प्राइम देशभर के ग्राहकों को कितना ज्यादा फायदा देता है . प्राइम के टॉप 10% सदस्यों ने अपनी मेंबरशिप फीस से आठ गुना से ज्यादा की बचत की . अमेजन इंडिया में प्राइम के डायरेक्टर और हेड, अभिनव अग्रवाल ने कहा हमारे ग्राहक हमारे हर काम के केंद्र में हैं और यह देखना हमारे लिए गर्व की बात है कि प्राइम उनके रोज़मर्रा के जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है . चाहे आखिरी समय की जरूरत हो, पहले से प्लान की गई खरीदारी हो या पूरे परिवार के लिए मनोरंजन- प्राइम को स्पीड, बेहतरीन वैल्यू और सुविधा देने के लिए बनाया गया है . हम अपने ग्राहकों के लिए लगातार नए इनोवेशन करते रहने और देशभर में तेज़ डिलीवरी, बेहतरीन डील्स व सबसे बड़े चयन तक पहुंच, ज्यादा कंटेंट और मनोरंजन विकल्पों के साथ ऐसे एक्सक्लूसिव फायदे देने को लेकर उत्साहित हैं .

# कलेक्टर ने एमआर-10 जंक्शन और रालामंडल ओवरब्रिज का किया निरीक्षण

▸ गुणवत्ता के साथ समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आज कलेक्टर ने बाय पर निर्माणधीन एमआर 10 जंक्शन और रालामंडल फ्लाई ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एमआर-10 जक्शन पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज का मौका निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सुरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. निर्माण कार्य समय सीमा में काम पूरा करने का लक्ष्य रखने के आदेश दिए. इसके बाद कलेक्टर ने रालामंडल ओवरब्रिज का मौके पर काम देखा. निरीक्षण के दौरान एनएचएआई अधिकारियों ने बताया गया कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है. उन्हें जानकारी दी कि ओवरब्रिज की एक भुजा पर आवागमन प्रारंभ कर दिया गया है. शीघ्र ही दूसरी भुजा पर भी यातायात शुरू कर दिया जाएगा. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बचे काम तेजी से पूरा कर सुगम यातायात की सुविधा दें.



# मॉडल स्कूल के रूप में विकसित हो अहिल्याश्रम विद्यालय

▸ भारतीय राजनयिक लक्ष्मी पुरी ने किया सांदीपनि अहिल्याश्रम विद्यालय का दौरा

**इंदौर. पोलोग्राउंड स्थित शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उ.मा. विद्यालय में भारतीय राजनयिक एवं संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मीपुरी पहुँची. उन्होंने विद्यालय के विकास कार्यों में योगदान देने की मंशा व्यक्त की और परिसर का अवलोकन किया. साथ में स्कूल प्रिंसिपल ओर अन्य अधिकारी मौजूद रहे.**

इस अवसर पर श्रीमती पुरी ने भावुक होते हुए बताया कि उनकी माताजी मालती देसाई एवं मौसी कमलिनी देसाई ने इसी संस्थान से शिक्षा प्राप्त की थी. वे अक्सर यहां की शिक्षा, संस्कार और प्रेरणादायी वातावरण की चर्चा करती थीं. श्रीमती पुरी ने कहा कि इस संस्थान से मिली प्रेरणा उनके परिवार के लिए जीवनभर की पूंजी रही है. वे सांदीपनि अहिल्याश्रम में अधोसंरचना एवं शैक्षणिक सुविधाओं के उन्नयन हेतु सहयोग देने आई हैं. उनका उद्देश्य है कि विद्यालय में आधुनिक संसाधनों का विस्तार हो, ताकि यह संस्थान एक मॉडल स्कूल के रूप में विकसित हो सके. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं समाज के सहयोग से विकास कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सकेगा. उल्लेखनीय है कि इंदौर की यह संस्थान हमेशा से ही महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक रही है तथा नई पीढ़ी को भी शिक्षा और संस्कार प्रदान कर रहा है.



### ▶ 1913 में की थी स्थापना

उल्लेखनीय है कि इस ऐतिहासिक संस्थान की स्थापना 23 जून 1913 को तत्कालीन होलकर स्टेट के महाराजा तुकोजीराव होलकर (तृतीय) द्वारा चन्द्रावती महिला विद्यालय के रूप में की गई थी, जिसका नाम महारानी चन्द्रावती होलकर के नाम पर रखा गया . इसी वर्ष 16 जून 1913 को अहिल्या आश्रम की स्थापना भी की गई थी, जिसका उद्देश्य विधवा, परित्यक्ता, अनाथ एवं बेसहारा महिलाओं को आश्रय, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना था . स्वतंत्रता पश्चात 1948 में होलकर राज्य के भारत संघ में विलय के बाद दोनों संस्थाओं का एकीकरण कर 'शासकीय अहिल्याश्रम एवं चन्द्रावती महिला उ .मा . विद्यालय' नाम दिया गया .



# इंग्लैण्ड के सांसद शर्मा ने डॉ . सुरेन्द्र वर्मा को दी श्रद्धांजलि

**इंदौर.** इंग्लैण्ड में भारतीय मूल के सांसद वीरेन्द्र शर्मा वर्मा हॉस्पिटल परदेशीपुरा में स्वर्गीय डॉ. सुरेश वर्मा को श्रद्धांजलि देने आए. श्री शर्मा ने लेबर लॉ और भारत-यूके रिलेशनशिप बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास किए है. साथ ही वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड के प्रेसिडेंट विल्हेम जेज़लर और उनकी पत्नी पूनम जेज़लर ने डॉ. वर्मा और उनके हॉस्पिटल स्टाफ के मानव प्रेम और सेवा को सराहा. डॉ. रक्षा वर्मा, डॉ. अभ्युदय वर्मा, डॉ. दीपिका वर्मा और और अथर्व वर्मा ने आभार माना.



# बच्चों को दिमागी कसरत के गुर सिखाए

**इंदौर.** बच्चों के मानसिक विकास और सीखने की क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा ग्राम सनावदिया के शासकीय विद्यालय में एक विशेष ब्रेन जिम सत्र का आयोजन किया गया. इस सत्र में चाइल्ड एवं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. विनी झारिया ने बच्चों के साथ संवाद किया और उन्हें दिमागी कसरत के गुर सिखाए.

डॉ. विनी झारिया ने बताया कि ब्रेन जिम एक गतिविधि-आधारित तकनीक है जो तंत्रिका तंत्र (न्यूरोलॉजिकल), संवेदी और मोटर सिस्टम को आपस में जोड़ती है. इससे बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है और वे तनाव मुक्त होकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं. जब शरीर संतुलित और शांत होता है, तो मस्तिष्क बेहतर तरीके से सीखता है. सत्र के दौरान बच्चों को खेल-खेल में कई महत्वपूर्ण अभ्यास कराए गए.

# गायत्री शिवपुरिया का कविता संग्रह तन्हाइयों में तुम लोकार्पित

**इंदौर.** लेखिका गायत्री शिवपुरिया की किताब तन्हाइयों में तुम का लोकार्पण होटल साउथ एवेन्यु के सभाग्रह में किया गया. शुरुआत आशा जाकड़ ने सरस्वती वंदना से की. स्वागत उद्बोधन रत्ना यादव ने दिया.

इस अवसर पर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत रावत ने कहा कि इस संग्रह की. कविताएं गहरी भावनाओं से लिखी गई हैं. इनमें पीड़ा है, शिकायतें हैं और स्वीकार्यता का संघर्ष भी है. इन कविताओं में स्नेह और प्रेमपूर्ण हृदय की झलक स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है. साहित्यकार डा. कला जोशी ने कहा कि इस संग्रह की कविताओं में लेखिका ने आकुल-व्याकुल मन की भावनाओं को अभिव्यक्त किया है. लेखिका ने पति के जाने के बाद उपजी विषम परिस्थितियों में अपने मन को संभालने की कोशिश में आहों को शब्दों में ढालकर इन कविताओं का सृजन किया है. यह संग्रह ऐसी विरह कविता है जो स्त्री मन को विषम परिस्थितियों में सम करती हैं. यादों की इन वेदनामयी कविताओं में भारतीय संस्कृति और दाम्पत्य जीवन की गहराई है. भारतीय परिवारों की जड़ों को आधार देती ये कविताएं स्वागत योग्य है. कृतिकार गायत्री शिवपुरिया ने कहा कि इस संग्रह की कविताएं केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन दर्शन है, जीवनसाथी के प्रति अटूट समर्पण, गहन आदर और उच्चतम प्रेम भाव की स्पन्दनशील अभिव्यक्ति है. इस अवसर पर चर्चाकार सुषमा व्यास राजनिधि एवं समाजसेवी डॉ. रजनी भंडारी ने भी अपनी बात रखी. संचालन मुकेश इंदौरी ने किया. आभार विश्वास शिवपुरिया ने माना. इस अवसर पर डॉ. पवित्रा शाह, रत्ना यादव, अपूर्वा शिवपुरिया, अशोक द्विवेदी, बालकराम शाद, आशा जाकड़, डा. अंजुल कंसल, सुरेखा सरोदे, एमएल चतुर्वेदी, बब्बू जोशी, रेणु मेहता आदि कई जाने माने साहित्यकार उपस्थित थे.



## एक नजर में ▶ भागवत कथा में रुक्मणी विवाह उत्सव मनाया गया

# भक्तों का प्रेम पाने संसार में अवतार लेते हैं प्रभु

इंदौर. कर्म से ही जीव जन्म लेता है. कर्म से ही मृत्यु को प्राप्त होता है. नारायण हमारे भगवान है उनकी पूजा करना चाहिए वही संसार के सृष्टिकर्ता है. भगवान से ही हमारी गती है भगवान को जो सुख बैकुंठ में प्राप्त नहीं है. उसे प्राप्त करने के लिए भगवान संसार में अवतार लेते हैं भक्तों के प्रेम को पाने के लिए संसार में प्रभु को आना पड़ता है. भक्तों के कष्ट को दूर करने के लिए उनके जीवन को वैभवपूर्ण आसान बनाने के लिए भगवान संसार में जन्म लेते हैं.

उपरोक्त विचार आज भागवत कथा के छठवें दिवस पर पाराशर नगर में चल रही भागवत कथा में यतींद्राचार्य जी ने श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किये. उन्होंने कहा संसार में वैभव को प्राप्त करके अहंकारी हो जाता है वह मेरा मेरा करता है लेकिन यह वैभव संसार में भगवान का ही दिया हुआ है बैकुंठ नाथ ही कृपा करके यह वैभव हमको देते है. आज कथा के दौरान श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम के अधिष्ठाता पूजनीय रामानुजाचार्य स्वामी श्री केशवाचार्य महाराज बालक स्वामी भी मौजूद रहे.



### ▶ गिरिराज धरण उत्सव मनाया

समिति के भगवान दास हेडा एवं मनोहर सोनी ने बताया कि आज गिरिराज धरण का उत्सव मनाया गया साथ ही 56 भोग उत्सव भी देखने को कथा के दौरान मिला . वहीं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया . इस अवसर पर जयेश लाठी, सचिन महेश्वरी, अनुराग तिवारी भी मौजूद थे . अंत में व्यास पीठ पर भागवत की आरती की गई और गोष्टी प्रसाद का वितरण हुआ कल कथा का अंतिम दिवस है और कथा दोपहर 2 .30 बजे ही प्रारंभ होगी .




# बोहरा समाज ने की सफाई अभियान की शुरुआत

**इंदौर.** नगर निगम कमिश्नर के द्वारा शहर में रेड स्पॉट और थूकने से होने वाली गंदगी को खत्म करने के लिए 'क्लीन रेड स्पॉट' अभियान की शुरुआत की. इस अभियान के तहत वार्ड 73 में बोहरा समाज ने नगर निगम के साथ मिलकर रेड स्पॉट की सफाई कर कर इस अभियान की शुरुआत की. वार्ड 73 में पूर्व पार्षद सादिक खान के नेतृत्व में बोहरा समाज ने गुलजार कॉलोनी चौराहे से क्लीन रेड स्पॉट अभियान की शुरुआत की इसके तहत बोहरा समाजजनों ने नगर निगम के साथ मिलकर क्षेत्र के सभी रेड स्पॉट को क्लीन करने का कार्य किया. पश्चात सभी उपस्थितजनों इंदौर में कहीं भी थूकने एवं किसी भी प्रकार की गंदगी न करने की शपथ ली. इंदौर शहर को स्वच्छ रखना मैं अपना योगदान देने की शपथ ली. इस अवसर पर बोरा समाज के वरिष्ठ शेख खुजेमा भाई पेटी वाला, मजहर हुसैन सेठजीवाला जौहर मानपुरवाला, बुरहान भाई, शब्बीर भाई सहित अनेक बोहरा समाजजनों ने इस रेड क्लीन स्पॉट अभियान में हिस्सा लिया.